दया करो महावीर हनुमान
मारुती नंदन असुर निकंदन,
दो भक्तो पर ध्यान,
दया कर महावीर हनुमान,
जय जय सिया राम जय जय सिया राम,

माँ अंजनी के पुत्र लाडले राम के आज्ञा कारी,
भक्तो में माँ भक्त अनोखे लाल लंगोटे धारी,
बाल पन में खेलत खेलत मुँह में ले ली भांग,
दया कर महावीर हनुमान....

संकट काटे राम लखन में जब जब विपता आई,
तीन लोक चौदह भुवनो ने तेरी महिमा गाई,
अजर अमर हो मात सिया से पाया ये वरदान,
दया कर महावीर हनुमान........

संकट मोचन नाम तिहारो संकट दूर भगाओ,
लियो शरणो दास आप को बिगड़ियाँ काम बनाओ,
हे दुःख बन जन मारुती नंदन ऊंची तेरी शान,
दया कर महावीर हनुमान.....

सालसार मेहँदी पुर वाले बजरंगी बलकारी,
श्री राम का बनु दीवाना वर दे शिव अवतारी,
राम भक्त तुझे भक्त पुकारे नंदू करे गुण गान,
दया कर महावीर हनुमान,